GST NO. 07AAACE1747M1ZJ
CIN U20299DL1986 NPL023253
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
EPCH HOUSE, POCKET 6 & 7, SECTOR 'C', LOCAL SHOPPING CENTRE, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070
**Tel**: 91-11-26135256
**Email:** press@epch.com
**Fax**: 91-11-26135518,26135519
**web:** www.epch.in

# PRESS RELEASE

## 52nd IHGF DELHI FAIR AUTUMN'2021, 28-31 OCTOBER'2021 TO BE HELD WITH ALL NECESSARY COVID COMPLIANCES

## COLOUR CODED ENTRY BADGES FOR EXHIBITORS AND VISITORS

**NEW DELHI – 7th OCTOBER' 2021** - The EPCH is organizing its 52nd IHGF Delhi Fair from 28-31 October, 2021 in physical form at the India Expo Centre & Mart, Greater Noida, Delhi NCR with SOPs as laid down by the Government of India. Physical B2B events are the lifeline for the handicrafts sector as the element of touch, feel and visual impact plays a very important role in the decision making of the buyers, said Dr. Rakesh Kumar, Director General – EPCH.

Mr. Raj Kumar Malhotra, Chairman-EPCH informed that the show with around 1500 Indian exhibitors displaying home, lifestyle, fashion, furniture and textiles items and is to be visited by overseas buyers from across the globe, buying representatives in India and Domestic Retail stores. The world's largest vaccination programme is in full swing and the number of COVID cases showing steady decline with each passing day, the time seems opportune to hold a physical exhibition thus providing opportunity to both the buyers and exhibitors to meet in person to transact business.

Dr. Rakesh Kumar, Director General – EPCH informed that to maintain strict COVID protocol during IHGF Delhi Autumn'2021, the EPCH has laid down guidelines to be followed by the exhibitors, buyers and visitors at the fair venue which include wearing face masks, thermal scanning, physical distancing, respiratory etiquettes, Colour badge wise entry, Frequent hand sanitization, Isolation center at the venue, COVID enforcement officer, Aarogya Setu App, CCTV, F&B services with proper hygiene etc.

Dr. Rakesh Kumar, Director General – EPCH further informed that the EPCH will provide following three different colour badges for entry to the fair:-

- BLUE (for Overseas buyers) - the overseas buyers will follow the international protocol of RTPCR testing as mandated at Air Suvidha portal
- GREEN (for Exhibitors) -Fully vaccinated both doses
- ORANGE (for others) - Single dose vaccination OR No vaccination but allowed entry with Negative RTPCR test report done 48 hrs prior to visit to the fair or rapid antigen test done at the fair venue at their cost

All above colour BADGE holders will be ALLOWED to visit IHGF Delhi Fair Autumn'2021 for maintaining strict COVID protocol and in the wake of Covid-19. The objective of these guidelines is to conduct IHGF Delhi Fair Autumn'2021 in a controlled and conducive environment to ensure the safety and good health of all concerned. These guidelines are in line of SOPs issued by Govt. of India and with an objective to make sure that the IHGF Delhi Fair remain the preferred business medium to conduct business transactions.

The Handicrafts exports during the Five months of current financial year from April to August, 2021-22 is Rs. 12,342.66 crores registering a growth of over 71.77% over the same period in last year..


Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.

**For more information, please contact:**
Dr. Rakesh Kumar, Director General – EPCH 9818272171

Follow us on #epchindia

Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.

# प्रेस विज्ञप्ति

## आईएचजीएफ दिल्ली मेला- ऑटम-2021 का 52 वां संस्करण सभी आवश्यक कोविड प्रोटोकाल के साथ 28-31 अक्टूबर तक आयोजित होगा

## प्रतिभागियों, प्रदर्शकों और आगंतुकों के लिए कलर कोड वाले प्रवेश बैज

**नई दिल्ली 7 अक्टूबर 2021-** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषध (ईपीसीएच) भारत सरकार द्वारा निर्धारित कोविड एसओपी के साथ इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में 28-31 अक्टूबर, 2021 तक भौतिक रूप में अपने 52वें आईएचजीएफ दिल्ली मेले का आयोजन कर रहा है। इस अवसर पर ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि भौतिक बिजनेस 2 बिजनेस कार्यक्रम हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए लाइफलाइन की तरह हैं क्योंकि स्पर्श, अनुभव और दृश्य जैसे कारकों का प्रभाव खरीदारों के निर्णय लेने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

ईपीसीएच के अध्यक्ष श्री राज कुमार मल्होत्रा, ने बताया कि लगभग 1500 भारतीय प्रदर्शकों के साथ इस शो में होम, लाइफ स्टाइल, फैशन, फर्नीचर और टेक्सटाइल वस्तुओं को प्रदर्शित किया जा रहा है। इस आयोजन में दुनिया भर के विदेशी खरीदारों, भारत और घरेलू खुदरा स्टोर में प्रतिनिधियों हिस्सा लेने वाले हैं। उन्होंने कहा कि देश में दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम पूरे जोरों पर है और प्रत्येक गुजरते दिन के साथ कोविड मामलों की संख्या में लगातार गिरावट दिखाई दे रही है, यह समय एक भौतिक प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए बेहद सही है और इससे खरीदारों और प्रदर्शकों दोनों को व्यापार करने के लिए व्यक्तिगत रूप से मिलने का अवसर मिल सकेगा।

इस अवसर पर ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने सूचना दी कि आईएचजीएफ दिल्ली मेले - ऑटम'2021 के दौरान सख्त कोविड प्रोटोकॉल बनाए रखने के लिए, ईपीसीएच ने मेला स्थल पर प्रतिभागियों, प्रदर्शकों, खरीदारों और आगंतुकों द्वारा पालन किए जाने वाले दिशा-निर्देशों को तय किया है, जिसमें फेस मास्क पहनना, थर्मल स्कैनिंग, 2 गज की दूरी और सामाजिक दूरी, सांस लेने का शिष्टाचार ,और बैज वार रंग निर्धारित करना, प्रवेश, बार-बार हाथ धोना, आयोजन स्थल पर आसोलेशन सेंटर, कोविड इनफोर्समेंट ऑफिसर, आरोग्य सेतु ऐप, सीसीटीवी, उचित स्वच्छता के साथ एफ एंड बी सेवाएं आदि शामिल हैं।

ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने आगे बताया कि ईपीसीएच मेले में प्रवेश के लिए निम्नलिखित तीन अलग-अलग रंग के बैज प्रदान करेगा:-

- BLUE (विदेशी खरीदारों के लिए) – विदेशी खरीदार RTPCR परीक्षण के अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल का पालन करेंगे (Air Suvidha Portal के अनुसार)
- हरा (Exhibitors के लिए) - दोनों खुराकों का पूर्ण टीकाकरण
- ऑरेंज (अन्य के लिए) - एकल खुराक टीकाकरण या कोई टीकाकरण नहीं, लेकिन मेले में जाने से 48 घंटे पहले Negative आरटीपीसीआर परीक्षण रिपोर्ट या मेला स्थल पर अपने खरचे पर किए गए रैपिड एंटीजन परीक्षण के साथ प्रवेश की अनुमति

उपरोक्त सभी कलर बैज धारकों को कोविड-19 के मद्देनजर सख्त कोविड प्रोटोकॉल बनाए रखने के निर्देश के साथ ही आईएचजीएफ दिल्ली मेले ऑटम'2021 में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य मेले से जुड़े सभी लोगों की सुरक्षा और अच्छे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के साथ ही एक नियंत्रित और अनुकूल वातावरण में आईएचजीएफ दिल्ली मेला ऑटम-2021 का संचालन करना है। ये दिशानिर्देश भारत सरकार द्वारा जारी एसओपी के अनुरूप हैं और यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जारी किए गये हैं कि आईएचजीएफ दिल्ली मेला व्यावसायिक लेनदेन करने के लिए पसंदीदा व्यावसायिक माध्यम बना रहे।

चालू वित्त वर्ष के पांच महीनों के अप्रैल से अगस्त 2021-22 के दौरान हस्तशिल्प का निर्यात 12,342.66 करोड़ रुपये रहा। यह राशि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 71.77 प्रतिशत से अधिक है।

---

**अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**
डॉ. राकेश कुमार, महानिदेशक- ईपीसीएच-+91-9818272171



Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.